मुख्यमंत्री ने रीपा उत्पादों की बिक्री के लिये चैट बोट का किया शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

1 जून, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) के तहत विभिन्न प्रकार के उत्पादों के ऑर्डर के लिये चैट बोट का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस चैट बोट को आत्मिक भारत - vertex suit द्वारा निर्माण एवं फसल बाज़ार के माध्यम और ज़िला प्रशासन रायगढ़ द्वारा एक्टिव किया गया है।
- इस चैट बोट के माध्यम से ग्रामीण औद्योगिक पार्क के उद्यमी अपने उत्पाद को व्हाट्सअप के ज़रिये सीधे ग्राहकों को बेच सकेंगे।
- विदित है कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्त्वाकांक्षी योजना 'महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा)' के तहत 14 रीपा ग्राम पंचायतों में विभिन्न प्रकार के उत्पादों का निर्माण हो रहा है।
- इनमें जूट के बैग, कोसा के कपड़े, टेराकोटा, जवाफूल चावल, रागी के उत्पाद, बाँस शिल्प, मसाले, रेडी टू ईट, गोबर पेंट, संबलपुरी साड़ी एवं कपड़े, ढोकरा आर्ट, बड़ी पापड़, आर्टफिशियिल ज्वेलरी इत्यादि शामिल हैं।
- चैट बोट उपयोग करने में बहुत आसान है, यह व्हाट्सअप की भाँति ही काम करता है। इस बोट की मदद से ऑर्डर को प्लेस किया जाता है और पेमेंट भी किया जा सकता है।
- यह ग्रामीण उद्यमी के लिये उत्पाद को बेचने में बहुत ही ज्यादा लाभकारी व आसान है। साथ ही रीपा में उत्पादित सामग्रियों को ऑनलाईन बाज़ार जैसे कि अमेजॉन, फ्लिपकार्ट के माध्यम से ग्राहकों को बेचा जा सकेगा।

//



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-launches-chat-bot-for-sale-of-ripa-products

दृष्टि The Vision